पंजाब केसरी 18/01/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में 'पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास' विषय पर संपन्न हुई कार्यशाला

विद्यार्थियों की बनाई 'हरित संकल्प उपवन' पर्यावरण संरक्षण का अनूठा प्रयास : डॉ. सुभाष धमीजा

अम्बाला, 17 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में मिशन ग्रीन एंड लीप, मुंबई के सहयोग से आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास' विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

कार्यशाला के अंतिम दिन पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए 4 प्रमुख गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिभागियों एवं आमंत्रित 3 पर्यावरणविदों ने 'हरित संकल्प उपवन' का भ्रमण किया। इस दौरान उपवन में प्रदर्शित अपशिष्ट सामग्री से निर्मित पेंटिंग्स को देखकर उन्होंने विशेष प्रशंसा की। पर्यावरणविदों ने बताया कि इस प्रकार की पेंटिंग्स न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं, बल्कि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी अत्यंत सकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

इसके अतिरिक्त कॉलेज परिसर में पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। इसके साथ ही प्रतिभागियों को लीफ कम्पोस्टिंग की विधि एवं उसकी संरचना के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे जैविक कचरे के उचित प्रबंधन का संदेश दिया जा सके। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने 'ईच वन प्लांट वन' का संकल्प लिया।

जी.एम.एन. नर्सिंग कॉलेज के वाइस प्रैसिडेंट डॉ. सुभाष धमीजा ने छात्रों द्वारा बनाई गए 'हरित संकल्प उपवन' को पर्यावरण संरक्षण का अनूठा प्रयास बताया। कार्यशाला के दौरान पर्यावरणविदों ने एन.एस.एस., एन.सी.सी., इको क्लब, वाई.आर.सी., एस.डी.जी. एवं समाजशास्त्र विभाग की भूमिका की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कॉलेज द्वारा किए गए इन प्रयासों को अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। यह कार्यशाला आज अपने अंतिम दिन संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कॉलेज प्रशासन ने सभी सहयोगी संस्थाओं, विभागों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



जी.एम.एन. कॉलेज में मिशन ग्रीन एंड लीप, मुंबई के सहयोग से आयोजित 'पर्यावरण संरक्षण एवं सतत् विकास' विषय पर कार्यशाला में भाग लेते विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)